वर्ष के शुरू में विकास शीर्षों के अनुसार सूचित कर दी जाती है और फिर विकास शीर्षों के अनुसार ही मंजूरी दो जाती है, न कि योजना के अनुसार । अत: प्रश्न में पूछो गई जानकारी उपलब्ध नहीं है ।

**सरकारी फार्म**

**२३२७. श्रीमती सावित्री निगम :** क्या **सामुदायिक विकास, पंचायती राज और सहकार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले वर्ष कितने सहकारी फार्म बनाने के लिये संघ राज्य क्षेत्रों को सरकार द्वारा अनुदान दिया गया ?

**सामुदायिक विकास, पंचायती राज और सहकार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री श्यामधर मिश्र) :** १९६१-६२ में दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मनीपुर तथा पांडीचेरी के संघ राज्य क्षेत्रों में १० सहकारी खेती समितियों को सहायता दी गई ।

**Rural Drinking Water Supply in Assam**

**2328. Shrimati Jyotsna Chanda:** Will the Minister of **Health** be pleased to state:

(a) the amount of grant asked for by the Assam Government from the Centre for the Rural Drinking Water Schemes during 1961-62 and 1962-63;

(b) how much grant has been sanctioned; and

(c) how much was utilised in 1961-62?

**The Minister of Health (Dr. Sushila Nayar):** (a) to (c). The Government of Assam did not specifically ask for Central assistance for the implementations of Rural Drinking Water Supply Schemes during 1961-62. According to the existing procedure for the release of Central assistance to the States, allotment of funds is not made scheme-wise but the amount is sanctioned only at the end of each year for broad groups or categories of schemes. Three fourths of the total Central assistance allocated for a financial year is, however, released in lump sum ways and means advances to the State Governments in nine equal instalments during the course of the year. In view of this position, the question of sanctioning assistance for individual schemes does not arise. However, rural water supply and sanitation schemes of the Government of Assam estimated to cost Rs. 90.49 lakhs including schemes costing Rs. 3.50 lakhs received during 1961-62 have been approved, so far, on which the State Government is entitled to the grant of Central assistance under the National Water Supply and Sanitation Programme (Rural).

**रेल डिब्बों का निर्माण**

**२३२९. श्री राम सेवक :**
**श्री बं० ना० कुरील :**
**श्री तुला राम :**
**श्री कजरोल्कर :**

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत वर्ष में गत पांच वर्ष में कुल कितने रेल डिब्बे बने तथा प्रति वर्ष कितने रेल डिब्बे बनते हैं ;

(ख) प्रत्येक किस्म के रेल डिब्बे बनाने पर अलग-अलग कितनी रकम खर्च होती है ;

(ग) तीसरी पंचवर्षीय योजना में कितने रेल डिब्बे बनाने का लक्ष्य है ;

(घ) देश में और कोई नया रेल डिब्बा कारखाना खुलने की योजना है ; और

(ङ) यदि हां, तो कहां और कब तक?

**रेलवे मंत्रालय में उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां) :** (क) और (ख). दो विवरण सभा पटल पर रखे जाते हैं ।